तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 5 जनवरी 2024

खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार

4

3 अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत, आधा दर्जन घायल




## खबर संक्षेप

### संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

**तमनार।** ग्राम कसडोल में 3 दिवसीय संकुल स्तरीय क्रीडा सह सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2024 संकुल केंद्र गोढ़ी के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण कसडोल में 3 जनवरी बुधवार को भव्य शुभारंभ किया गया। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में संकुल के अंतर्गत आने वाले 6 शासकीय प्राथमिक शाला 2 माध्यमिक शाला एवं अशासकीय स्कूलों के साथ 8 स्कूलों के लगभग 300 प्रतिभागी एव 30 शिक्षक शामिल हैं। 3 जनवरी को प्रथम दिन क्रीडा प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के गरिमामयी उपस्थिति में मां शारदे की पूजन वंदन किया गया तत्पश्चात खेल ध्वज का उत्तोलन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। सभी स्कूलों के प्रतिनिधि बच्चों ने शाला ध्वज पकड़ कर मार्चपास्ट करते हुए अतिथि मंच के समक्ष गुजरते हुए खेल ध्वज के सम्मान में सैलूट कर कदमताल करते हुए आगे बढ़ते चले गए। कार्यक्रम का मंच संचालन बसंत साहू के द्वारा किया गया। प्रथम दिन का क्रीडा प्रतियोगिता सायं 4.30 बजे फील्ड मार्शल नीलांबर प्रसाद पटनायक द्वारा समापन की घोषणा किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सहोद्र राठिया, डीडीसी प्रतिनिधि दुर्गेश राठिया, विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष बूढ़ा गोटिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष जतिन्द्र कुमार साव, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरजा शंकर पटेल, ग्राम पंचायत कसडोल सरपंच उमावती राठिया, सरपंच प्रतिनिधि लाछिंदर राठिया, उपसरपंच नरेश कुमार साहू, भूतपूर्व सरपंच राम सिंह सिदार, ग्राम कसडोल के वार्ड पंच दिलेश्वर साहू, निवृत्त मान प्राचार्य जानक राम साहू, वुड्स वेली स्कूल के प्राचार्य, संकुल के शिक्षक शिक्षिकाओ एवं सैकड़ो प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

### पार्षद ने जरुरतमंदों को बांटे कंबल

**रायगढ़।** घरघोड़ा नगर पंचायत के पार्षद नीरज शर्मा व उनका परिवार शुरू से समाजिक कार्यो में अग्रणी रहा है। इनके दादा स्व. हरद्वारीमल शर्मा घरघोड़ा नपं के प्रथम मनोनीत अध्यक्ष रहे है। पिता भी कांग्रेस के कई पदों पर रह चुके है। पूर्वजों के संस्कारो को जीवित रखने नीरज शर्मा व उनका परिवार समाजिक कार्यो में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। पत्नी कविता शर्मा पूर्व न पं उपाध्यक्ष रह चुकी है। उन्होंने भी अपने सामाजिक संस्था के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य कर चुकी है। जिसके लिए कई स्तर में सम्मानित व पुरुस्कृत हो चुकी है। समाजिक कार्यों की फेहरिस्त में इन्होंने घरघोड़ा नप के अपने वार्डए सफाई कर्मचारियों, स्वछता दीदियों के साथ साथ ग्राम बगचबा जिसे इन्होंने अपनी प्रथम कर्मभूमि बताया इन सभी को मिलाकर 400 परिवारों को ठंड को देखते हुए अपनी माता श्रीमती रुकमणी देवी शर्मा के हाथों से कम्बलों का वितरण किया। इससे पहले घरघोड़ा बार रूम में अलमारी कुर्सी, नगर में अन्य कई तरह के सेवा कार्य को दैनिक दिनचर्या में शामिल कर चुके है। शर्मा परिवार अपने पूर्वजो के सम्मान और उनके सेवा कार्यों को जीवंत रखने के लिए उठाए गए कदम को हर वर्ग सराहना कर रहा है कुछ ने तो इसे अपनाया भी है।

### जयंती पर याद किए गए जननायक रामकुमार

**रायगढ़।** जननायक रामकुमार अग्रवाल की 100वीं जयंती के मौके पर जिला मुख्यालय में विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों के द्वारा जिले में भयावह रूप दिखा रही पर्यावरण प्रदूषण को लेकर लोग मुखर हुए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जननायक रामकुमार अग्रवाल की शहर में 100वीं जयंती के मौके पर एकजुट हुए और उनकी आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पहार कर नमन किया। इसके बाद प्रदूषण मुक्त जिला बनाने सत्याग्रह में वक्ताओं ने खरनाक तरीके से पड़ रही प्रदूषण की मार को लेकर मुखर होकर आवाज बुलंद किया और योजना ब तरीके से आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने पर जोर दिया।

## शहर में चला पुलिस का चेकिंग अभियान

# किराएदारों के सत्यापन के दौरान मिले 70 संदिग्ध,दो के पास से हथियार भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर पुलिस के द्वारा गुरुवार को नगर में चेकिंग अभियान चलाकर किराए से रह रहे लोगों की जांच पड़ताल में 70 संदिग्ध सामने आए हैं। जबकि दो लोगों के पास से पुलिस ने हथियार भी बरामद किए हैं। इस कार्रवाई के बाद शहर के रिहायशी क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की आशंका को लेकर लोगों में अनजान खौफ बढ़ गया है।

पुलिस गंभीरता से शहर के सभी संभावित इलाकों में संदिग्धों की जांच व धरपकड़ में जुटी हुई है। गुरुवार को थाना जूटमिल क्षेत्र के टुर्कुमुड़ा में एडिशनल एसपी संजय महादेवा के नेतृत्व में एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा, एसडीओपी खरसिया प्रभात कुमार पटेल के साथ साइबर सेल व शहर के सभी थानों की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा संदिग्धों की जांच और किरायेदारों के सत्यापन के लिये मकानों पर दबिश दिया गया। संपत्ति संबंधी अपराधों पर नकेल कसने के लिए एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर यह संदिग्धों की जांच और किरायेदारों का सत्यापन अभियान चलाया गया। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि टुर्कुमुड़ा, जूटमिल क्षेत्र के रहवासियों द्वारा बाहरी व्यक्तियों व भारी संख्या में फेरी वालों को छोटे-छोटे किराया मकान उपलब्ध कराया जा रहा है।





जहां बाहर से आये व्यक्ति बिना पुलिस वेरिफिकेशन के रह रहें हैं। पुलिस टीम ने सुबह जांच पड़ताल के लिए टुर्कुमुड़ा में दबिश दी गई। बिना सत्यापन के किराये मकान पर रह रहेए लोगों को थाना जूटमिल ले जाकर उनके आधार कार्ड से वैरिफिकेशन कराया जा रहा है। पुलिस टीम की जांच पड़ताल दौरान कुछ फेरी वालों के मकान से भाग जाने की जानकारी मिली हैए उन मकानों को जांच दल ने बारीकी से चेक किया और मकान मालिक को मौके पर तलब कर किरायेदारों की तस्दीक किया जा रहा है। चेकिंग अभियान दौरान कुछ मकानों से लोहे के धारदार हथियार मिले हैंए संबंधित व्यक्तियों को थाना जूटमिल लाया गया है। अभियान दौरान 75 व्यक्तियों की मुसाफिर दर्ज की गई जो दिगर प्रांत के हैं, संबंधित थानों से उनके चलन तहर्रिर की जानकारी लिया जाएगा। चेकिंग दौरान अवैध हथियार के साथ मिले 02 व्यक्ति मिले जिन पर थाना जूटमिल में आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई है। साथ ही 70 संदिग्ध व्यक्तियों पर धारा 109 सीआरपीसी की कार्रवाई की गई है, अभियान दौरान 155 व्यक्तियों को थाना जूटमिल लाकर उनके आधार कार्ड का वैरीफिकेशन किया गया। जिले में संदिग्धों की जांच और किरायेदारों का सत्यापन अभियान की शुरुआत थाना जूटमिल क्षेत्र से की गई है जो अन्य थाना क्षेत्र में भी जारी रहेगा। जिला पुलिस की जिलेवासियों से अपील है कि वे मकान किराया पर देने से पूर्व किरायेदार का अनिवार्य रूप से पुलिस वैरिफिकेशन करावे, किरायेदार द्वारा दिये गये आधार कार्ड का स्वयं चॉइस सेंटर से वेरीफाई करावें और इस बात की जानकारी प्राप्त करें कि किरायेदार द्वारा बताये पते पर उसका परिवार निवास करता है या नहीं और उसके क्रियाकलाप और व्यवसाय की आवश्यक जानकारी रखा जाए, किसी प्रकार का संदेह हो नजदीकी पुलिस थाने को सूचना देवें। अभियान में आरआई सिंह, टीआई कोतवाली शनिप रात्रे, टीआई कोतरारोड़ विजय चेलक, टीआई चक्रधरनगर प्रशांत राव अहेर, टीआई जूटमिल रामकिंकर यादव, टीआई भूपदेवपुर विजय जांगड़े, साइबर सेल के पूरा स्टाफ के साथ रक्षित केंद्र और शहर के थानों का बल शामिल था।

# रिटायर्ड कर्मी के घर से 6 लाख का माल ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इलाज कराने भिलाई गए कोसा विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी के सूने घर मे धावा बोलते हुए अज्ञात चोरों द्वारा सोने.चांदी के आभूषण और कैश समेत 5 लाख 60 हजार का माल उड़ा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। नगर कोतवाल ने डॉग स्क्वॉड के साथ घटना स्थल का जायजा लियाए लेकिन मुल्जिम का कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

शहर के चांदनी चौक युवराज हटरी में रहने वाले ज्योतिशंकर थवाईत कोसा विभाग ;हथकरघाद्ध में सहायक निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे। सेवानिवृत्ति के बाद ज्योतिशंकर की तबियत खराब होने के कारण उनके इलाज के लिए थवाईत परिवार बीते 20 नवंबर से भिलाई में थे। ज्योतिशंकर की पत्नी श्रीमती उमा थवाईत ने घर के पास रहने वाली ननद गीता थवाईत के पास मकान के मुख्य द्वार में लगे ताले की चाबी छोड़ रखी थीए ताकि वो तुलसी पौधे और गमलों में पानी दे सके। बुधवार सुबह गीता पौधों में पानी डालने के लिए अपने मायके गई और मेन गेट का ताला खोलते हुए वह आंगन पहुंची तो उसके होश उड़ गए, क्योंकि भीतर कमरे का



ताला संदिग्ध परिस्थितियों में टूटा था और आलमारी में रखे सामान बिखरे पड़े थे। ऐसे में बदहवास गीता ने चीख चीत्कार मचाते हुए आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी तो देखते ही देखते वहां भीड़ लग गई। वहीं भिलाई गए मकान मालिक को भी वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए सिटी कोतवाली में भी इसकी सूचना दी गई। ज्योतिशंकर थवाईत की पत्नी श्रीमती उमा थवाईत अपने बेटे.बेटी के साथ भिलाई से रायगढ़ आईए तो पता चला कि चोरी की बड़ी वारदात हुई थी। श्रीमती उमा थवाईत की माने तो उनके सूने मकान के आलमारी के लॉकर में रखे 1 लाख 60 हजार रुपए नगद तथा 4 लाख रुपए के सोने-चांदी के कीमती जेवर गायब है।

# आंख और अंगूठा तय करेंगे उज्जवला गैस की सब्सिडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

डीबीटी से जुड़े सभी घरेलू गैस उपभोक्ताओं को अपना बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराना होगा। इसको लेकर तेल और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पिछले दिनों निर्देश जारी किया है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना व सामान्य गैस उपभोक्ताओं को बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य है। इसके जिस गैस एजेन्सी पर कनेक्शन है वहां आधार कार्ड व पहचान से संबंधित अन्य दस्तावेज लेकर जाना होगा। आंखों और अंगूठे को स्कैन कर सत्यापन किया जाएगा। एलपीजी गैस कनेक्शन खाता धारकों के ई.केवाईसी के लिए गैस एजेंसी पर भारी भीड़ उमड़ रही है। ई.केवाईसी पर अधिक दबाव से सर्वर पर लोड होने से वह भी धीमा चल रहा है। बायोमेट्रिक केवाईसी में समय लग रहा है। गैस एजेन्सी पर दिनभर में 110.130 लोगों की केवाईसी हो पा रही है। उज्जवला छोड अन्य उपभोक्ताओं के लिए कोई अंतिम




■ घरेलू गैस उपभोक्ताओं को अपना बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराना होगा

तिथि निर्धारित नहीं की है। लेकिन कनेक्शन धारकों को जानकारी नहीं होने से सभी ई केवाईसी कराने पहुंच रहे हैं। हाल ये है कि गैस एजेंसी खुलने से पहले ही सुबह लोग यहां पहुंच जाते हैं। दिनभर एजेंसी पर ईकेवाईसी कराने को लेकर भीड़ लगी रहती है। केवाईसी के लिए केन्द्रीयकृत व्यवस्था के तहत केन्द्र सरकार ने एक ही जगह सर्वर बनाया है। गैस एजेन्सी संचालकों का कहना है कि उज्वला योजना के गैस कनेक्शन धारकों के अलावा सामान्य उपभोक्ता कभी भी ई केवाईसी करवा सकते हैं। ई.केवाईसी के लिए पोर्टल खुला रहेगा।

# प्रशासन ने ली जिंदल स्टील के ठेकेदारों की बैठक,दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिंदल स्टील एंड पॉवर में कार्यरत ठेका श्रमिकों की समस्याओं के संबंध में अनुविभागीय दंडाधिकारी ने संबंधित ठेकेदारों और कंपनी प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई। बैठक में श्रमिकों की समस्याओं के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई और कंपनी प्रतिनिधियों एवं ठेकेदारों ने उन्हें विस्तृत रूप से बिंदुवार जानकारी दी। अधिकारियों ने ठेकेदारों को स्पष्ट हिदायत दी कि भविष्य में यदि आपकी लापरवाही से कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति बनी तो विधि अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिंदल स्टील एंड पॉवर में कार्यरत ठेका श्रमिकों ने पिछले महीने अपनी कुछ समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। जेएसपी प्रबंधन ने इस संबंध में पहल करते हुए ठेकेदारों से इन श्रमिकों की समस्याओं और मांगों के संबंध में पूरी जानकारी ली। बुधवार



की शाम अनुविभागीय दंडाधिकारी गगन शर्मा ने पुलिस नियंत्रण कक्ष में ठेकेदारों की बैठक आयोजित की। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस धर्मजयगढ़ दीपक मिश्रा, थाना प्रभारी कोतरा रोड विजय चेलक भी उपस्थित रहे। जेएसपी प्रबंधन की ओर से एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट संजीव चौहान, हेमंत वर्मा, सुभाष चंदर, संदीप सिंह एवं सुधीर राय बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में एसडीएम श्री शर्मा ने ठेकेदारों को संबोधित करते हुए कहा कि विगत माह जेएसपी संयंत्र और किरोड़ीमल नगर के बीच व्यस्त क्षेत्र में सड़क जाम कर कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। इस दौरान ठेकेदारों ने भी अपनी भूमिका का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन नहीं किया, इससे स्थिति बिगड़ी। यह भी संज्ञान में आया कि ठेकेदारों और श्रमिकों के बीच उचित संवाद की कमी की वजह से यह संशय की स्थिति बनी। उन्होंने हिदायत दी कि भविष्य में किसी तरह की लापरवाही की वजह से यदि कानून व्यवस्था बिगड़ती है या सड़क जाम होने की स्थिति बनती है तो ठेकेदारों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी और विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह एसडीओपी ने भी ठेकेदारों को कड़े शब्दों में समझाइश दी है।

# संकल्प यात्रा शिविर में 44 हजार के स्वास्थ्य की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से गांव गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से निर्धारित ग्राम पंचायतों में शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये जा रहे है और जनसामान्य को मौके पर ही लाभान्वित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए 157 शिविर में अब 44 हजार 874 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया है। जिसमें टीबी संबंधी 27 हजार 786 लोगों का जांच किया गया है। जिसमें से 1734 मरीजों को रिफर किया गया है। इसी तरह प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 60 लोगों की सहमति फार्म भराया गया। 50 निष्क्षय मित्र पंजीकृत किये गये। निष्क्षय पोषण योजना के तहत 11 बैंक खाते इकठ्ठा किए गए। लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई वितरण किया गया। एनसीडी के तहत 2218 केस हायर सेन्टर में रिफर किया गया। हायपर टेंशन के लिए 18638 लोगों का स्क्रीनिंग किया गया, जिसमें 1843 संभावित मरीज पाए गए । 18383 लोगों का मधुमेह रोग की जांच की गई। जिसमें 1457 संभावित मरीज पाए गए। 14352 लोगों का सिकल सेल की जांच की गई। जिसमें 211 संभावित मरीज मरीज पाये गये।

### शीतलहर से बचाव के संबंध में दिशा निर्देश जारी

**रायगढ़।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली एवं भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने शीतलहर एवं ठंड से बचाव के लिए विशेष तैयारियों के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश सभी विभाग प्रमुखों को जारी किया है। शीत लीहर एवं ठंड से बचने के उपायों के तहत पर्याप्त मात्रा में गरम कपड़े रखें।

## राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए नामांकन 10 तक

**सारंगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के अवसर पर राज्य स्तर पर निर्वाचन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को पुरस्कार करने का निर्णय लिया है। पुरस्कार प्राप्त करने हेतु उत्सुक समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी डीईओ अपने जिला में निर्वाचन से संबंधित संपन्न गतिविधियों को निरूपित करते हुए अपना प्रतिवेदन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रारूप में 10 जनवरी तक सीधे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर को प्रेषित करेंगे। इन राज्य स्तरीय पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ जिला पुरस्कार प्रारूप 1, मतदाता जागरूकता में सर्वश्रेष्ठ जिला स्वीप पुरस्कार प्रारूप 2 शामिल है। उत्सुक आरओ व एआरओ अपना प्रतिवेदन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रारूप 3 में 10 जनवरी 2024 तक सीधे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सीईओ, छत्तीसगढ़ रायपुर को प्रेषित करेंगे। उत्सुक उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रारूप 4 में और निर्वाचन पर्यवेक्षक प्रारूप 5 में अपना नामांकन संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुशंसा प्रस्ताव सहित 10 जनवरी तक सीधे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर को प्रेषित करेंगे।

### साढ़े सात लीटर महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**रायगढ़।** जिले में अवैध शराब पर जारी कार्रवाई के क्रम में आज 3 जनवरी को चक्रधरनगर पुलिस द्वारा ग्राम बनखेता में शराब रेड कार्रवाई कर आरोपी महिला प्रतीभा सेठ 40 साल को अवैध रूप से महुआ शराब बेचते पकड़ा गया है जिसके पास से 7.5 लीटर महुआ शराब जब्त कर आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक आज सुबह थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर को मुखबिर से सूचना मिली कि एक महिला ग्राम बनखेता में उसके घर के पीछे बाडी में अवैध महुआ शराब बिक्री कर रही है।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल तमनार में वार्षिक उत्सव

**तमनार।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल तमनार में 3 व 4 जनवरी को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार के मुख्य आतित्थ ग्राम प्रमुख अश्वनी पटनायक की अध्यक्षता, मुकुंदमुरारी पटनायक अध्यक्ष शाला विकास समिति, सरपंच गुलापी सिदार अन्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वन्दना पूजा अर्चना के साथ हुई। जिसके पश्चात भारतीय संस्कृति का निर्वहन करते हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति से अतिथि व पालकगण गदगद हुए। खेल प्रतियोगिता में दौड़, रस्साकसी, कुर्सी, लंगड़ी दौड़, जलेबी, क्रिकेट अन्य खेल के साथ, सांस्कृतिक कार्यक्रम में छोटी छोटी चिड़यिा, राम आएंगे, बम बम बोले शिव तांडव, आयुषी, डोली, आकांक्षा, ज्योति तुलेश ग्रुप द्वारा छत्तीसगढ़ी संबलपुरी लोक नृत्य, ओड़यिा, पंजाबी में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यालय में हुए खेलकूद संदकृतिक कार्यक्रम एवं पढ़ाई के साथ अन्य क्षेत्रों में सफलता हासिल किए विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विधायक विद्यावती सिदार ने कहाकि स्वामी आत्मनन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल से गांव के बच्चे पढ़कर सफलता हासिल कर रहे हैं।

## नारेबाजी करते हुए बरौद के भूविस्थापितों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# लंबित मांगों को लेकर ग्रामीणों का फूटा आक्रोश, चक्काजाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के ग्राम बरौद स्थित एसईसीएल विस्थापित परिवार तथा पंचायत पदाधिकारी तथा सैकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय सहित रायगढ़ एसईसीएल अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बिलासपुर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

प्रभावितों द्वारा ज्ञापन में विस्थापित परिवारों के विस्थापन लाभ 03 लाख के बढ़ोत्तरी करने की मांग लम्बे समय से कर रहें थे। जिसको लेकर बरौद खुली खदान में ग्रामीणों द्वारा 6 जुलाई को खदान बन्दी कर आन्दोलन किया गया था। इस दौरान आन्दोलन के बीच तहसीलदार घरघोड़ा के समक्ष एसईसीएल के महाप्रबंधक प्रतिनिधी रायगढ़ के साथ त्रिपक्षीय लिखित समझौता हुआ की विस्थापन लाभ बढ़ोत्तरी 3 लाख से 10 लाख ग्रामीणों का प्रस्ताव एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर अनुमोदन हेतु



भेजा जायेगा। किंतु आज पर्यंत तक विस्थापन लाभ 10 लाख बढ़ा कर प्रति परिवार की दर से भुगतान का मुद्दा नितिगत मामला है। जिसका अनुमोदन का अधिकार एसईसीएल निदेशक मंडल का है। प्रभावित ग्रामीण आश्वासन पर की जिसे यथाशीघ्र पूर्ण कराने का प्रयास किया जाऐगा का आश्वासन दिया गया था। इसी सहमति के आधार पर ग्रामीणों द्वारा आन्दोलन को स्थगित किया गया था। जिस पर ग्रामीणों द्वारा विशेष ग्राम सभा कर पंचायत प्रस्ताव सहित विस्थापन लाभ बढ़ोत्तरी हेतु एसईसीएल कोरबा जिले के संचालित परियोजना गेवरा क्षेत्र ए दिपका क्षेत्रए कुसमुंडा क्षेत्र के आधार पर 10 लाख तथा अतिरिक्त पारितोषिक प्रोत्साहन राशि 5 लाख का विशेष पंचायत प्रस्ताव पारित कर प्रेषित किया गया था और प्रबंधन को 03-04 महिने का समय दिया गया था जो 5 महिने से भी अधिक हो चुका है लेकिन प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों के पक्ष में सकारात्मक निर्णय नही लिया गया है। बरौद परियोजना का भी विस्थापित परिवारों का विस्थापन लाभ बसाहट राशि 3 लाख को बढ़ाकर 10 लाख तथा अतिरिक्त पारितोषिकध्द प्रोत्साहन राशि संसोधन कर लाभ प्रदान किया आक्रोश ग्रामीण ने एसईसीएल बरौद खदान को पूर्ण रुप से मांगें पुरी नहीं पर बरौद के समस्त विस्थापित परिवारों के द्वारा आन्दोलन ए खदान बन्दी ए आर्थिक नाकेबंदी एचक्का जाम मांगे पुरी नहीं होते तक 15 जनवरी दिन सोमवार से बरौद खुली खदान के मुख्य गेट पर पुनः हड़ताल को जारी करने की सूचना शासन प्रशासन तथा प्रबंधन को दिया गया है।

### समझौता नहीं न्याय

आन्दोलन समय सीमा में ग्रामीणों के पक्ष मे सकारात्मक निर्णय लिया जाए। एसईसीएल प्रबंधन का किसी प्रकार की लिखित भ्रमित समझौता पत्र स्वीकार नही किया जाएगा। इस बार किसी प्रकार की लिखित भ्रमित समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा

**रथमिला राठिया**
सरपंच, ग्राम पंचायत बरौद।

### निर्णय सकारात्मक हो

निर्णय सकारात्मक होने चाहिए। हमारी ओर से भी प्रयास किया जाएगा आप की मांग को मुख्यालय भेजेंगे। सिर्फ समझौता पत्र किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रधानमंत्री सड़क को भी कोयला खनन करने की तैयारी की जा रही।

**संतोषी राठिया**
जनपद पंचायत सदस्य।

## फिल्म इवेंट

### छॉलीवुड

## नशे के क़ारोबार पर हिन्दी-छत्तीसगढ़ी में बनने जा रही 'गैंग्स ऑफ रायपुर'



**रायपुर।** लोकायन भवन में आज ट्राइबल वॉरियर प्रोडक्शन एवं के. एस. के. वर्क्स के बैनर तले नशे के कारोबार पर आधारित हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी फ़िल्मि 'गैंग्स ऑफ़ रायपुर' की घोषणा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जाने-माने फ़िल्म डायरेक्टर सतीश जैन, विशेष अतिथि प्रोड्यूसर-डिस्ट्रीब्यूटर अलक राय तथा वरिष्ठ पत्रकार अनिरुद्ध दुबे थे।फ़िल्मि के निर्माता साजिद खान एवं निर्देशक के. शिव कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि "गैंग्स ऑफ रायपुर" एक काल्पनिक क्राइम ड्रामा है, जो कि राजधानी रायपुर में चल रहे नशे के कारोबार पर केन्द्रित है। इस फ़िल्म की कहानी तैयार करने से पहले वरिष्ठ पुलिस अफ़सरों एवं चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े लोगों से बातचीत कर समझने की कोशिश की गई कि ऐसा कौन-कौन सा नशा है जिसका समाज पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। फ़िल्म की शूटिंग 15 फरवरी के आसपास शुरु होगी। रायपुर एवं आसपास के क्षेत्र में फ़िल्मांकन होगा। मई या जून महीने में इस फ़िल्म का प्रदर्शन होगा। फिल्म में भरपूर ड्रामा, एक्शन, इमोशंस, कॉमेडी और रोमान्स होगा। टीम मेम्बर्स में विनोद कुमार कैमरामेन चेन्नई से हैं, जो कि तमिल सिनेमा में पिछले कई सालों से काम कर रहे हैं। एडिटिंग मयंक रैकवार करेंगे। मयंक मुम्बई के एक नामी प्रोडॅक्शन हॉउस में हॉलीवुड की कुछ फिल्मों के लिए वीएफएक्स व एडिटिंग कर चुके हैं । गैंग्स ऑफ रायपुर के कलाकारों के लिए ऑडिशन 15 से 18 जनवरी को मोर माटी ऑफिस में 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच रखा गया है।

### टॉलीवुड

## भूकंप की चेतावनी के बीच जापान से घर लौटे जूनियर एनटीआर बोले- मैं



**हैदराबाद।** साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर जापान से लौट आए हैं। अभिनेता अपने परिवार के साथ जापान में छुट्टियां मना रहे थे। जापान में आए सिलसिलेवार भूकंपों में कई लोगों की मौत के बाद वह सोमवार देर रात घर लौट आए। जूनियर एनटीआर ने मंगलवार सुबह यह बताया कि वे जापान से लौटे हैं और द्वीप देश में आए शक्तिशाली भूकंपों की एक सीरीज के बाद इसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। भूकंप ने जापान के पश्चिमी क्षेत्र को प्रभावित किया, जिससे कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और इमारतों, वाहनों और नौकाओं को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने मंगलवार को कुछ क्षेत्रों में लोगों को चेतावनी दी कि वे और अधिक मजबूत भूकंपों के खतरे के कारण अपने घरों से दूर रहें। जूनियर एनटीआर ने अपना पिछला सप्ताह जापान में बिताया था। उन्होंने एक्स (ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि वे देश में आए भूकंप से गहरे सदमे में हैं। उन्होंने लिखा, 'जापान से आज घर लौटा हूं और भूकंप के झटकों से बहुत सदमे में हूं। पिछला पूरा सप्ताह वहां बिताया और प्रभावित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। लोगों के लचीलेपन के लिए आभारी हूं और शीघ्र स्वस्थ होने की उम्मीद करता हूं। जापान, मजबूत बने रहें। इससे पहले सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में जूनियर एनटीआर को जापान से हैदराबाद हवाईअड्डे पर पहुंचते देखा गया। उनके साथ उनकी पत्नी, लक्ष्मी प्रणति और उनके दो बच्चे- अभय और भार्गव भी थे। परिवार ने हाल ही में जापान में क्रिसमस और नया साल मनाया। घर लौटने के बाद जूनियर एनटीआर ने भी उन लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### भोजपुरी

## 'अयोध्या के श्रीराम' में अपनी आवाज देंगे रवि किशन




**नई दिल्ली।** अयोध्या में प्रभु श्री राम के मंदिर भव्य उद्घाटन की तैयारी बहुत ही जोर शोर से चल रही है। इस अवसर पर अभिनेता और सांसद रवि किशन अपने म्यूजिक वीडियो 'अयोध्या के श्रीराम' को लांच करने की तैयारी कर रहे हैं। इस म्यूजिक वीडियो में अभिनेता रवि किशन खुद अपनी आवाज देने जा रहे हैं, जिसकी रिकॉर्डिंग दिल्ली में होगी। रवि किशन कहते हैं कि पुरे विश्व की नजर प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर उद्घाटन पर है। विश्व के श्रद्धेय प्रभु श्री राम के चरणों में यह म्यूजिक वीडियो समर्पित है। अभिनेता और सांसद रवि किशन ने अपने संसदीय क्षेत्र गोरखपुर में नवरात्रि की सप्तमी के दिन म्यूजिक वीडियो 'अयोध्या के श्रीराम' की शूटिंग कर चुके हैं। उस समय म्यूजिक वीडियो की शूटिंग रफ ट्रैक पर ही हुई थी आज रवि किशन इस वीडियो के गाने की रिकॉर्डिंग अपनी आवाज में करेंगे। रवि किशन कहते हैं, 'अयोध्या के श्रीराम' के गाने की शूटिंग हमने बहुत ही भव्य स्तर पर गोरखपुर में राजघाट में की, जिसमें मुंबई से 500 डांसर ने भाग लिया है। यह अपने आप में अद्भुत म्यूजिक वीडियो है।' म्यूजिक वीडियो 'अयोध्या के श्रीराम' का निर्माण अयोध्या में प्रभु श्री राम के मंदिर भव्य निर्माण को लेकर किया गया है। एल्बम का निर्माण कर रहे निर्माता निरंजन कुमार सिन्हा कहते हैं, 'इस गाने की शूटिंग की तैयारी काफी समय से चल रही थी। रवि किशन से जब इस म्यूजिक वीडियो के लिए बात की तो वह तुरंत तैयार हो गए। गाने का फिल्मांकन बहुत ही भव्य तरीके से हुआ, फिर विचार किया कि क्यों ना रवि किशन ही इस म्यूजिक वीडियो में अपनी आवाज भी दे, मेरे इस निवेदन को उन्होंने सहर्ष की स्वीकार कर लिया और आज हम गाने की रिकॉर्डिंग कर रहे हैं।' म्यूजिक वीडियो 'अयोध्या के श्रीराम' के संगीतकार माधव एस राजपूत हैं। इस गीत को मिनाक्षी एसआर और प्रणव वत्स ने लिखे हैं। संगीतकार माधव एस राजपूत ने ही रफ ट्रैक गए थे, जिसे आज रवि किशन अपनी आवाज में दिल्ली सफदरगंज के कथारस स्टूडियो में रिकॉर्ड कर रहे हैं। यह म्यूजिक वीडियो 14 जनवरी को यूट्यूब चैनल पर लांच होगा और 17 जनवरी को इस एल्बम की लॉन्चिंग पार्टी का आयोजन मुंबई में होगा।

## लाइफ स्टाइल

### हीरों से जड़ी जेनर

अमेरिकी मॉडल, मीडिया हस्ती और व्यवसायी केंडल निकोल जेनर इन दिनों सुर्खियों में हैं। क्रिस जेनर और ब्रूस जेनर की बेटी केंडल ने फैशन के अलावा अभिनय की दुनिया में भी धूम मचाई है। उन्हें रियलिटी टेलीविजन श्रृंखला कीपिंग अप विद द कार्दशियन से खूब प्रसिद्धि मिली। केंडल अपनी ड्रेस की वजह से भी अक्सर चर्चा में रहती है। हाल ही में हीरों से जड़ी इस ड्रेस के साथ केंडल नजर आई और उन्होंने मीडिया की खूब सुर्खियां बटोरी।



## सर्दियों में रखें नाखूनों का ध्यान, वरना होगी बड़ी परेशानी

सर्दियों में अक्सर देखा जाता है कि सर्दियों के मौसम में नाखून काफी रूखे हो जाते हैं। इसी के चलते उनका ध्यान रखना भी काफी जरूरी होता है। अगर आप नाखूनों का ध्यान नहीं रखेंगे, तो ये टूटने लगते हैं। इनकी नमी बरकरार रखना बेहद जरूरी हो जाता है। इसके लिए आप नारियल के तेल या फिर बादाम के तेल से अपने नाखूनों को मॉइस्चराइज कर सकते हैं।अगर आप अपने नाखूनों पर हमेशा बेस कोट लगाकर रखेंगे, तो ये आपके नाखूनों को धूल और गंदगी से बचा कर रखेगा। इससे नाखून मजबूत भी होते हैं। कई बार ऐसा होता है कि हम नाखून साफ करते वक्त



क्यूटिकल्स को काट देते हैं, लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। क्यूटिकल्स को काटने की बजाय उसपर लोशन या क्यूटिकल क्रीम लगाकर उनका ध्यान रखें। अगर आप अपने नाखूनों का ध्यान सही से रखना चाहते हैं, तो नींबू के साथ बेकिंग सोडा या अंडे और शहद को मिलाकर अपने नाखूनों पर लगा सकते हैं। नाखूनों के लिए ये बेहतर नेल मास्क है। कोशिश करें, कि सर्दियों के मौसम में पानी में ज्यादा नाखूनों को ना भिगोएं। अगर आप ऐसा करेंगे, तो नाखूनों में ड्राईनेस हो सकती है। इससे नाखून कमजोर हो सकते हैं।

## इस बीज के इस्तेमाल से सिल्की बनेंगे आपके बाल

अलसी जिसे हम फ्लैक्सीड के नाम से भी जानते हैं, यह ना केवल खाने बल्कि बालों को मजबूत, स्मूथ और शाइनी बनाने के काम भी आता है। इस बीज में प्रोटीन, ओमेगा -3 फैटी एसिड, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन ई, विटामिन बी, मैगनीशियम, मैंगनीज और सेलेनियम आदि जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो बालों के लिए काफी लाभदायक हैं। इसी के चलते आज हम आपको बालों में इसका इस्तेमाल करना बताएंगे। अगर आप अलसी के बीजों का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो सबसे पहले पानी को उबाल कर उसमें दो बड़े चम्मच अलसी के सीड्स डालें। अब इसे 7-8 मिनट तक अच्छे से उबालें।जब पानी गाढ़ा होने लगे तो इसे सही से छान लें। अब इस छाने हुए पानी में एक छोटी चम्मच एलोवेरा जेल और एक चम्मच नारियल का तेल मिलाएं। इन सब चीजों को मिलाने के बाद कुछ बूंदे एसेंशियल ऑयल की मिला दें। अब इसका स्मूद पेस्ट बन कर तैयार हो जाएगा।



## सर्दियों में दिखना है स्टाइलिश तो इनके लुक्स पर डालें एक नजर

फैशन



जब गर्मी का मौसम चल रहा होता है, तो लोगों के पास स्टाइलिश दिखने के कई विकल्प होते हैं लेकिन जब बात सर्दियों की आती है तो ये दुविधा आ ही जाती है कि कैसे कपड़े पहनकर खुद को स्टाइलिश दिखा सकते हैं।

दरअसल, सर्दी के मौसम में स्टाइल दिखने के साथ-साथ सर्दी से बचाव करना भी बेहद जरूरी होता है। अगर आप अपना ध्यान नहीं रखेंगे तो तबियत खराब होने की संभावना भी रहती है। ऐसे में स्टाइलिश दिखने के साथ स्वास्थ्य का ध्यान रखने की भी काफी जरूरत होती है।



**सोनम कपूरः** अगर आपको ड्रेस पहनना पसंद है तो सर्दियों में भी इस तरह की वुलेन ड्रेस के साथ आप ऐसा कोट कैरी कर सकती हैं। इसके साथ लॉग बूट्स बेहद क्लासी लुक देंगे।

**स्कर्ट-टॉप लुकः** सोनम कपूर को बॉलीवुड की स्टाइलिश डीवा कहा जाता है। ऐसे में आप उनके विंटर कलेक्शन से टिप्स ले सकती हैं। उनका ये स्कर्ट-टॉप लुक भी सर्दियों के हिसाब से काफी प्यारा है। आप इसके साथ ओवर कोट पहन सकती हैं।



**परिणीति चोपड़ा :** एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा अक्सर विदेश में ही रहती हैं। ऐसे में उनके विंटर लुक्स बेहद कमाल के होते हैं। अगर आप भी उनकी तरह दिखना चाहती हैं तो ब्लैक लैगिंग्स के साथ इसी तरह का स्वेटर काफी प्यारा लुक देता है।

### ओवरकोट के साथ पहनें कैप

इस तरह का ओवर कोट आजकल काफी चलन में है। ऐसे में आप इस तरह को ओवर कोट के साथ जींस पहन सकते हैं। इसके साथ कैप पहनकर आपका लुक और भी ज्यादा खूबसूरत दिखेगा।

**प्रियंका चोपड़ा :** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपने लुक्स की वजह से हमेशा लोगों की सुर्खियां बटोरती रहती हैं। उनका हर लुक काफी क्लासी होता है। सर्दियों में अगर आप स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो एक्ट्रेस का ये लुक एक बेहतर विकल्प है। इस तरह का स्वेटर आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेगा। जैकेट लुक दिखेगा कूलअगर आप सर्दियों में कूल दिखना चाहती हैं, तो डेनिम जींस के साथ इस तरह की बॉम्बर जैकेट आप पहन सकती हैं।

## तुरंत जाना है पार्टी में तो आसान तरीके से करें मेकअप

अगर आपको अचानक से पार्टी का बुलावा आ जाए तो मेकअप में कुछ परेशानी होती है। लेकिन वक्त को देखते हुए आप कुछ टिप्स के साथ बेहतर मेकअप कर सकती हैं।



मेकअप से पहले चेहरे को अच्छे तरीके से मॉइस्चराइज करें ताकि आपकी त्वचा चमकदार और स्वस्थ लगे। मेकअप से पहले त्वचा पर प्राइमर लगाना भी फायदेमंद होता है।

**फाउंडेशनः** इसके बाद अपनी स्किन टोन के हिसाब से एक अच्छा फाउंडेशन चुनें और इसे अच्छी तरह से ब्लेंड करें। ध्यान रखें कि इसकी मात्रा ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

**कंसीलरः** आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स या चेहरे के किसी अन्य हिस्से को कवर करने के लिए कंसीलर इस्तेमाल करें। इससे आपके चेहरे के दाग-धब्बे छिप जाएंगे।

**आंखों का मेकअपः** पार्टी के लिए स्मोकी आंखें, न्यूड लुक या बोल्ड आंखों का मेकअप चुनें। बस इस बात का ध्यान रखें कि आंखों का मेकअप अच्छी तरह के ब्लेंड हो चुका हो।


**गालों पर लगाएं येः** मेकअप पूरा करने के लिए चेहरे पर ब्लश और हाइलाइटर लगाकर आप अपने चेहरे की चमक बढ़ा सकते हैं।

**लिपस्टिकः** सबसे आखिर में अपनी पसंद की लिपस्टिक, लिप ग्लॉस, या लिप लाइनर का चयन करें। ध्यान रखें कि ये आपके मेकअप से मैच करनी चाहिए।

## सर्दियों में साड़ी के साथ स्वेटर को मिक्स मैच करके स्टाइल करें ब्लाउज

साड़ी स्टाइल करना हर लड़की पसंद करती है। इसके लिए अलग-अलग डिजाइन की साड़ियां खरीदती हैं ताकि वो सबसे अलग और खूबसूरत लगे। लेकिन सर्दियों में ऐसा नहीं होता है क्योंकि उसमें इसे स्टाइल करना थोड़ा सा मुश्किल हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि समझ नहीं आता है कि साड़ी के साथ ब्लाउज को कैसे वियर करें ताकि सर्दी न लगे। इसके लिए जरूरी है कि आप यहां बताए गए हैक्स को ट्राई करें। इससे आपका साड़ी लुक काफी अच्छा नजर आएगा।

**ब्लाउज के कलर से मैच करके स्टाइल करें स्वेटरः** अगर आपको साड़ी में स्टाइलिश लगना है तो इसके लिए आपक सर्दियों में ब्लाउज के कलर के मैचिंग स्वेटर को खरीदें। इस बात का ध्यान रहे कि ये स्लीवलेस हो ताकि बाजू पर बने डिजाइन या फिर पैटर्न अच्छे से



हाईलाइट हो सके। इस तरीके के स्वेटर को आप ब्लाउज के ऊपर वियर करें।

**एक्सेसरीज को करें एडः** इस लुक को और ज्यादा खूबसूरत बनाने के लिए साड़ी के साथ एक्सेसरीज को मिक्स मैच करें। इसके लिए (फुल स्लीव्स ब्लाउज) आप साड़ी के कलर से मैचिंग एक्सेसरीज वियर कर सकती हैं वरना आप चाहे तो कॉन्ट्रास्ट में भी ज्वेलरी वियर कर सकती हैं। इससे भी आप काफी सुंदर नजर आएगी।

### इन बातों का रखें ध्यान

जब भी आप साड़ी के साथ स्वेटर वियर करें तो इसके लिए आपको सिंपल वर्क वाले स्वेटर को खरीदना है। इस बात का ध्यान रखें कि किसी और कलर को मैच करके साड़ी के साथ स्वेटर न पहनें। इससे (यंग लड़कियों के लिए ब्लाउज डिजाइन) आपका लुक खराब लग सकता है। जब भी आप ज्वेलरी खरीदें तो नेकलाइन का खास ध्यान रखें ताकि वो लुक को खराब न कर दें।जरूरी नहीं कि आप साड़ी के साथ ओपन हेयर स्टाइल बनाएं बन भी क्रिएट कर सकती हैं।इन बातों का ध्यान रखेंगी तो सर्दियों में आप आसानी से स्वेटर वियर कर पाएंगी और लुक को परफेक्ट बना पाएंगी। इसके लिए आपको ऑनलाइन काफी सारे ऑप्शन मिल जाएंगे।

कार्नर न्यूज

### बदलते फैशन ट्रेंड के बीच स्टाइलिश दिखना चुनौती

## ड्रेसिंग के ये तरीके अपनाएं लड़के मिलेगा ट्रेंडी और स्टाइलिश लुक

*लड़के भी स्टाइलिश दिखना चाहते हैं। परफेक्ट लुक के लिए लड़कियां हों या लड़के सभी अपने अपने तरीके से ट्रेंडी फैशन का अपनाते हैं। ड्रेसिंग स्टाइल से लेकर फुटवियर और एक्सेसरीज को कैरी करके सबसे बेस्ट दिखने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। फैशन ट्रेंड बदलता रहता है। समय और मौके के मुताबिक कपड़ों का चयन आपको फैशनेबल बनाता है। बात लड़कों के फैशन की करें तो लड़कियों के मुकाबले लड़कों के पास कम विकल्प होते हैं। लेकिन स्टाइलिश दिखने के लिए वह भी अपने तरीके से ड्रेस अप होने और खुद को प्रेजेंट करने का काम करते हैं। अगर आप अपनी पर्सनेलिटी को स्टाइलिश और फैशनेबल तरीके से लोगों के सामने प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आपके लिए कुछ टिप्स हैं।*



**सही साइज के कपड़े पहनेंः** आप कितने भी महंगे या ब्रांडेड कपड़े पहन लें, लेकिन अगर वह आपके बॉडी पर परफेक्ट तरीके से फिट नहीं होते तो उनसे आपका लुक खराब हो जाएगा। किसी भी कपड़े को कैरी करने से पहले आपको अपनी बॉडी टाइप और साइज की सही जानकारी होनी चाहिए। अधिक टाइट या लूज कपड़ों से आपका लुक बेकार लगता है और आप असहज भी महसूस करते हैं।

**कपड़ों के रंग का सही चयन करेंः** कपड़ों के रंग के सही चयन से भी आप स्टाइलिश दिख सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप पर किस रंग के कपड़े जचेंगे, इस बात की जानकारी हो। कपड़ो की मैचिंग भी सही होनी चाहिए। जैसे आपकी पैंट या जींस के रंग पर किस रंग की शर्ट, टी-शर्ट परफेक्ट मैच करेगी। सूज के कलर को भी मैच कराएं।

**कपड़ों को सही ढंग से रखेंः** परफेक्ट लुक के लिए जरूरी है कि जो भी कपड़े आप पहन रहे हैं वह प्रेजेंटेबल हों। यानी सही ढंग से फोल्ड किए हों या आयरन हों। कपड़े का रंग न उतरा हो और चमक व नयापन बना रहें। इसके लिए वार्डरोब को व्यवस्थित करते रखें। कपड़ों में सिलवटें हो तो उसे बिना आयरन किए न पहनें।

**हेयरस्टाइल और शेव पर भी दें ध्यानः** कहते हैं कि पहला इंप्रेशन ब्यूटी होता है। लोग आपके लुक्स को देखते हैं, इसलिए परफेक्ट लुक के लिए अपने हेयरस्टाइल का ध्यान रखें। ट्रेंडी और आप के फेस कट पर सूट करने वाली हेयर स्टाइल लें। इसके अलावा आपको बियर्ड लुक चाहिए या क्लीन शेव रहना है, उसके मुताबिक खुद को मेंटेन करें।

**सूज और एक्सेसरीजः** आपके फुटवियर कपड़ों और मौके के मुताबिक हों। जैसे फॉर्मल कपड़ों पर किस तरह के सूज कैरी करने हैं? एथनिक वियर पर कैसे फुटवियर हों? ऑफिस या किसी पार्टी में आपके आउटफिट के मुताबिक सूज हों।



# गिरते को करो सलाम, खूब लगाओ दांव, बरसेगा धन



## निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

■ बाजार में तेज गिरावट के समय दिग्गज देते हैं खरीदारी की सलाह

■ यह पैसा बढ़ाने का सबसे बेहतर फार्मूला, कभी नहीं होंगे कंगाल

■ अक्सर गिरावट के समय लोग पैनिक होते और पैसे निकालते हैं

■ यह परंपरा गलत, रिकवरी का नहीं मिलता लाभ, होता है नुकसान

■ निवेश का पहला मूल मंत्र संयम बनाए रखें

■ इंतजार करें और अपने निवेश को बढ़ाते जाएं

■ बाजार के उतार-चढ़ाव से घराएं नहीं

■ शेयर बाजार में निवेश के लिए जरूरी है धैर्य

■ जल्दबाजी में शेयर बेचने से हो सकता है नुकसान

■ शेयर में पैसा लगाने से पहले देखें कंपनी की वित्तीय स्थिति

शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं या करने जा रहे हैं तो एक बात पल्ले गांठ बांध लें कि मोटे पैसे कमाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसलिए सबसे पहले तो लंबी अवधि के निवेश पर ध्यान दें। निवेश करने से पहले जिस कंपनी के शेयर खरीद रहे हैं, उसकी प्रोफाइल भी जांच लें। हां एक बात और ध्यान रखें की निवेश से पहले अपने गोल तय करें और शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव से घबराएं नहीं। धैर्य और संयम बनाए रखें। अक्स्र देखने में आता है कि पैसा लगाने वाले नए लोग एक बड़ी गलती ये करते हैं कि वह बढ़ते शेयरों पर दांव खेलते हैं। इसमें कुछ खराबी नहीं है, लेकिन इनसे कमाई की संभावना कम होती है या रिटर्न बेहद कम ही मिल पाता है। कई बार तो नुकसान भी उठाना पड़ता है। अगर कोई शेयर अपने 52 हफ्तों के हाई के आसपास ट्रेड कर रहा है तो नए निवशकों को उससे दूरी ही बनाए रखनी चाहिए, क्योंकि उस शेयर के गिरने के चांस काफी हाई होते हैं। इसलिए अक्सर कहा जाता है कि बाजार में ऐसे शेयरों में पैसा लगाएं जो काफी टूट गए हों। यानी शेयर बाजार में गिरते को सलाम करें और खूब निवेश करेंगे तो धन बरसेगा यानी आपको बेहतर रिटर्न मिलेगा।

बाजार के जानकारों का कहना है कि यह कोई नहीं बात नहीं है। यह काफी पुराना और आजमाया हुआ फॉर्मूला है। बाजार के मंझे हुए खिलाड़ी इसे अच्छे से समझते हैं, लेकिन इसमें एक परेशानी यह है कि आपको कैसे पता चलेगा कि कोई शेयर अब अपने निचले स्तर तक पहुंच चुका है और अब वह उससे नीचे नहीं जाएगा। इसके पीछे कई फैक्टर्स काम करते हैं, लेकिन एक महत्वपूर्ण इंडिकेशन है कि उस शेयर का पिछला रिकॉर्ड लो है। अगर वह शेयर अपने रिकॉर्ड लो के करीब या उससे नीचे पहुंच गया है तो इसका मतलब है कि अब उस शेयर में खरीदारी का समय है। इस समय निवेशकों को चाहिए कि वे निवेश करें और अच्छा रिटर्न प्राप्त करें।



### अगर जारी रहा डाउनवर्ड ट्रेंड

एक सवाल ऐसे में यह भी उठता है कि अगर कोई शेयर नीचे गिरना जारी रहा तो क्या होगा। कई इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी फर्म इस पर कहती है कि अगर कोई शेयर नीचे गिरना जारी रहता भी है तो भी घबराने की जरूरत नहीं है। कई बार मार्केट डाउन होने पर मजूबत शेयर भी क्रॉस फायरिंग में फंसते हैं और गिरते रहते हैं। यही वह समय है जब आपको घबराने की जरूरतर नहीं है और संयम बरतना है। अगर ऐसे में गिरावट से आपको घाटा लग भी रहा हो तो भी अपने शेयर को बेचें नहीं और धैर्य बनाए रखें, क्योंकि ये मजबूत शेयर जरूर वापसी करेंगे और आपके द्वारा डिस्काउंट पर की गई खरीदारी आपको जबरदस्त कमाई कराएगी यानी आपको मालामाल होने से कोई नहीं रोक पाएगा।

### किस बात का रखना है विशेष ध्यान

यह जरूर याद रखें कि किसी भी शेयर को बिना जांचे परखे न खरीदें। शेयर खरीदने से पहले कंपनी के वित्त और उस सेक्टर के भविष्य को लेकर अध्ययन जरूर कर लें। गिरावट की स्थिति में अगर खराब शेयर हाथ में लग तो 'कंगाली में आटा गीला' वाला हाल हो जाएगा।

### दिग्गजों की सलाह

जाने-माने निवेशक वॉरेन बफे ने 2016 में कहा था कि जब मार्केट नीचे जा रहा हो तो शेयर खरीदने से पहले बहुत ज्यादा छानबीन नहीं करेंगे तो भी चल जाएगा। दिग्गज निवेशक जैक बोगल ने भी एक इंटरव्यू में 2018 में कहा था कि बाजार में हो रहे बदलावों (गिरावट) से घबराकर अपने मन को ना बदलें और शेयर खरीदकर उसे होल्ड करें। अगर आप रिकवरी (बाजार की) का फायदा उठाने से चूके तो संभव है कि आप अपने वित्तीय लक्ष्यों से भी चूक जाएं।

### अनुशासन बनाए रखें

पोर्टफोलियो में नाटकीय रूप से बदलाव करते रहने से जोखिम बढ़ता है। ऐसी आदत लंबी अवधि के लक्ष्यों पर नकारात्मक असर डाल सकती है। बेहतर होगा कि बाजार में फौरी उतार-चढ़ाव को नजरअंदाज करें और अनुशासन बनाए रखें। यदि पोर्टफोलियो में बदलाव जरूरी लगे तो छोटे-छोटे बदलाव करें। इन बदलावों से आपको अच्छा मुनाफा मिल सकता है। जरूरी यह है कि निवेश में हमेशा अनुशासन बनाए रखें और निवेश करते जाएं।

### घबराहट में निर्णय न लें

हमेशा याद रखें कि अर्थव्यवस्था और बाजार का मिजाज चक्रीय होता है। जिस तरह तेजी का दौर आता है, वैसा ही गिरावट का दौर भी बन सकता है। जाहिर है, गिरावट वाले दौर में घबराकर बिकवाली करना अच्छी रणनीति नहीं होगी। अच्छे शेयर अक्सर लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देते हैं।

### नुकसान में न बेचें शेयर

उतार-चढ़ाव शेयर बाजार का स्वभाव है। निवेशकों को शेयर बाजार में आई गिरावट से घबराना नहीं चाहिए। अगर आपने शेयर बाजार में पैसा लगा रखा है और इसमें आपको अभी नुकसान हुआ है तो भी आपको नुकसान में अपने शेयर बेचने से बचना चाहिए। क्योंकि लॉन्ग टर्म में मार्केट में रिकवरी की उम्मीद है। ऐसे में अगर आप अपने शेयर्स को लम्बे समय के लिए होल्ड करते हैं तो आपको नुकसान होने की उम्मीद कम हो जाएगी।



# सिर्फ 100 रुपये हर रोज बचाएं और बन जाएं मालामाल



सुझाव | बिजनेस डेस्क

■ सिर्फ चाय-सिगरेट के पैसों से भी बन सकते हैं करोड़पति

■ नौकरी के साथ साथ ही तैयार हो जाएगा मोटा फंड

■ चैन से कटेगा बुढ़ापा, बच्चों की शिक्षा के खर्च की नहीं होगी टेंशन

■ म्यूचुअल फंड की एसआईपी में 12 फीसदी तक मिल रहा रिटर्न

कहते हैं कि अमीर बनने का सबसे आसान तरीका है, बचत करना। आजकल तो निवेश के ऐसे विकल्प भी मौजूद हैं, जो मामूली सी रकम को पैसों के ढेर में बदल सकते हैं। बावजूद इसके लोगों में बचत और निवेश को लेकर जागरुकता काफी कम है। अगर कोई निवेशक सिर्फ चाय और सिगरेट की आदत छोड़कर इन पैसों को निवेश करें तो नौकरी खत्म होने तक उनके पास 1 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड जमा हो जाएगा। बाजार के जानकारों का कहना है कि निवेश को लेकर लोगों के सुस्त रुझान से बहुत दिक्कतें आती हैं और कई लोग तो आर्थिक रूप से तंगहाली में ही दम तोड़ देते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 20 करोड़ ऐसे यूजर हैं, जिनके पास किसी न किसी ओटीटी का सब्सक्रिप्शन है. इस पर हर महीने 150 से 200 रुपये खर्च करते हैं, लेकिन म्यूचुअल फंड में 100 रुपये से भी निवेश करने वालों की संख्या इसकी महज 10 फीसदी यानी 2 करोड़ है. राधिका की बात कई मायनों में सही भी है, क्योंकि अगर नौकरी शुरू करने वाला युवा सिर्फ रोज के चाय-सिगरेट जितने खर्च का पैसा भी निवेश करे तो रिटायरमेंट तक मोटा फंड तैयार हो जाएगा।

### हर महीने कितना पैसा होगा जमा

मान लीजिए कोई दिनभर में सिर्फ 3 सिगरेट पीता है, जिस पर उसका औसतन खर्चा 60 रुपये होता है। इसके अलावा ऑफिस टाइम में 3 से 4 कप चाय पीता है तो भी औसतन 40 रुपये का खर्चा आएगा। दोनों को जोड़ दिया जाए तो रोजाना सिर्फ चाय-सिगरेट पर ही 100 रुपये का खर्चा हो जाएगा। यानी महीने में निवेश करने वाली रकम करीब 3,000 रुपये होगी।

### कैसे बनेगा करोड़ों का फंड

निवेश के जानकारों का कहना है कि अगर सिर्फ रोजना के चाय और सिगरेट के पैसों को निवेश किया जाए तो नौकरी करने के दौरान यानी करीब 30 साल में 1 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड तैयार हो जाएगा। अगर 30 साल की उम्र में नौकरी शुरू करने के साथ ही कोई 3000 रुपये हर महीने की एसआईपी शुरू करता है तो 30 साल में उसकी ओर से कुल 10.80 लाख रुपये का निवेश किया जाएगा। इक्विटी म्यूचुअल फंड का लंबी अवधि में औसतन रिटर्न 12 फीसदी रहता है। इसी रिटर्न से देखा जाए तो रिटायरमेंट तक यह निवेश बढ़कर 1,05,89,741 रुपये पहुंच जाएगी। इस दौरान 95,09,741 रुपये सिर्फ ब्याज के रूप में मिलेंगे।

### किस फंड पर दांव लगाना सही

ऐसा नहीं है कि म्यूचुअल फंड सिप पर 12 फीसदी रिटर्न सिर्फ कहने की बात है। बाजार में कई ऐसी फंड योजनाएं हैं, जो 20 साल की लंबी अवधि में 12 फीसदी से कहीं ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता रखती हैं। पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के अनुसार, कई ऐसे ही फंड हैं, जिनका 20 साल का औसतन रिटर्न 12 फीसदी से कहीं ज्यादा है।

### इन फंडों का ऐसा रिटर्न

- आदित्य बिड़ला वेल्थ एस्पायर फंड ने 10 साल से ज्यादा निवेश पर 19.20% फीसदी का रिटर्न दिया है।
- बजाज आलियांज स्मार्ट वेल्थ लक्ष्य ने भी 10 साल से ज्यादा के निवेश पर 17.90% सालाना का रिटर्न दिया।
- एचडीएफसी लाइफ संपूर्ण निवेश में पैसे लगाने वालों को लंबी अवधि में हर साल 17.70% का रिटर्न मिला।
- मैक्स लाइफ ऑनलाइन बचत ने भी 10 साल से ज्यादा के निवेश पर 16.90% का रिटर्न मिला।
- भारती एक्सा लाइफ वेल्थ प्रो फंड ने भी 10 साल से ज्यादा अवधि में 16.60% का औसतन रिटर्न दिया है।

**प्लानिंग से बनेगा फटाफट पैसा, आराम से कटेगा बुढ़ापा**

# सिर पर आ गया रिटायरमेंट तो ऐसे करें निवेश का प्लान

जानकारी | बिजनेस डेस्क

*इक्विटी फंड लंबी अवधि में 10 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे रहे*

"*रिटायरमेंट करीब आ गया है और आपके पास बुढ़ापे के लिए सेविंग नहीं है। ऐसे लोगों के लिए भी निवेश के कई विकल्प हैं, जहां कम समय में ही मोटा पैसा बनाया जा सकता है। अगर आप भी ऐसा कुछ सोच रहे हैं तो आप भी इक्विटी में कम से कम 10 साल के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। इक्विटी फंडों ने 10 साल से ज्यादा समय के निवेश में 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। इस तरह आसानी से अच्छा फंड जुटाकर बुढ़ापे का जुगाड़ किया जा सकता है।*"

यह बात सही है कि निवेश और बचत जितनी जल्दी शुरू की जाए, उतना ही बेहतर होता है और फायदा भी ज्यादा मिलता है, लेकिन, जिंदगी की जिम्मेदारियों को पूरा करने और लोन वगैरह चुकाने में फंसकर रह गए और सेविंग नहीं कर सके। ऊपर से रिटायरमेंट भी सिर पर आ गया है तो अब कहां पैसा लगाएं, जिससे फटाफट आपके खाते में एक मोटा फंड जमा हो जाए। रिटायरमेंट की प्लानिंग भी कई बार खर्चों और जिम्मेदारी की वजह से नहीं हो पाती और आप देखते ही देखते 50 की उम्र पार कर जाते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा ही हुआ है और अभी तक रिटायरमेंट के लिए पैसे नहीं जोड़ सके हैं तो निवेश की अलग रणनीति बनाकर मोटा फंड जुटा सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आपकी देनदारियां कम हों और आप बाजार में थोड़ा जोखिम उठाने के लिए भी तैयार हों। आप भी इक्विटी में कम से कम 10 साल के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। इक्विटी फंडों ने 10 साल से ज्यादा समय के निवेश में 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। इस तरह आसानी से अच्छा फंड जुटाकर बुढ़ापे का जुगाड़ किया जा सकता है।



### ज्यादा रिटर्न वाले विकल्प चुनें

किसी भी नौकरीपेशा के लिए 50 साल की उम्र वह पड़ाव होता है, जब उसकी आय अपने उच्चतम स्तर पर और लोन आदि की देनदारियां लगभग खत्म होने की कगार पर रहती हैं। ऐसे में निवेशक जोखिम लेने में भी सक्षम रहता है तो उसकी पूरी रणनीति ज्यादा रिटर्न पाने की होनी चाहिए। इसके लिए इक्विटी आधारित निवेश पर जोर देना बेहतर होगा। कुछ हिस्सा इंटरनेशनल इक्विटी फंड, डेट फंड और सोने में भी लगाना चाहिए। निवेशक ध्यान रखें कि इक्विटी में लगाने वाले पैसे को कम से कम 10 साल तक बनाए रखेंगे तो 10-12% का जबरदस्त रिटर्न मिल सकता है।

### ... जोखिम नहीं लेना चाहते तो

50 साल से ज्यादा उम्र के ऐसे निवेशक, जिनमें जोखिम लेने की क्षमता नहीं होती और शॉर्ट टर्म का लक्ष्य लेकर चलते हैं, उन्हें लार्जकैप सेग्मेंट में सबसे ज्यादा निवेश करना चाहिए। ऐसे निवेशकों को लॉर्जकैप फंड में कुल फोलियो का 50%, मल्टीकैप फंड में 40%, मिड और स्मॉलकैप फंड में 10% का निवेश करना चाहिए। इसके अलावा अन्य फंड से फोलियो घटाना हो तो कम अवधि वाली एफडी और पोस्ट ऑफिस की योजनाओं में निवेश कर सकते हैं।

### यह नियम अपना सकते हैं

- 60 के करीब हैं तो 3 भाग में बाटें पैसा: जब आपकी उम्र 60 के करीब हो या आप रिटायरमेंट ले चुके हैं तो निवेश को तीन भागों में बांटकर रिटर्न का लक्ष्य बनाएं।
- पहला लिक्विड फंड का खाता बनाएं जो आपको जरूरत पड़ने पर तत्काल पैसे उपलब्ध करा सके। इसमें 40 महीने के खर्च के बराबर राशि जमा करें, जो एफडी या शार्ट टर्म बांड में लगाई जा सकती है। इसमें 15-20% का निवेश हो।
- दूसरा स्थायी आय का विकल्प तैयार करें, जिससे निवेश पर कोई जोखिम न हो और निश्चित रिटर्न भी मिलता रहे। इसके लिए वय वंदन योजना या आरबीआई बांड में पैसे लगा सकते हैं। इसमें 45-50% का निवेश करना चाहिए।
- तीसरे विकल्प में ज्यादा रिटर्न देने वाले निवेश शामिल करें, जो फंड को तेजी से बढ़ा सकें। इसके लिए बाजार से जुड़े इक्विटी उत्पाद चुन सकते हैं। इसमें 30-40% हिस्सा लगाना चाहिए।

# आपके माता-पिता के लिए बेस्ट हैं ये सुरक्षित निवेश की स्कीम

बिजनेस डेस्क

रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर निवेशक अपने रुपये पैसे को लेकर ज्यादा सजग रहते हैं और जब निवेश की बात होती है तो वह इसके लिए पूरी तरह से सुरक्षित विकल्प खोजते हैं। सीनियर सिटीजंस के लिए अपनी जमा पूंजी के बड़े हिस्से को सुरक्षित निवेश करने और उसके जरिए स्टेबल रिटर्न पाने के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) सबसे अच्छे विकल्पों में शामिल है। असल में रिटायरमेंट के बाद निवेशक बाजार का ज्यादा जोखिम लेने की स्थिति में नहीं होते हैं। ऐसे में निश्चित रूप से फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) जैसे सुरक्षित निवेश विकल्प उनके लिए बेहतर है। इस पर न सिर्फ रिटर्न की गारंटी होती है, बल्कि आपका पैसा भी सुरक्षित रहता है। सीनियर सिटीजेंस फिक्स्ड डिपॉजिट पर बैंक सामान्य एफडी की तुलना में ज्यादा ब्याज देते हैं। इन योजनाओं में जोखिम बहुत ही कम होता है।

### बैंक देते हैं ज्यादा ब्याज

सीनियर सिटीजन आम तौर पर बाजार का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। उनकी जोखिम लेने की क्षमता कम होती है और वे अपना पैसा सुरक्षित निवेश विकल्पों में निवेश करते हैं। बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान सीनियर सिटीजंस को लो रिस्क कैटेगरी का मानते हैं और उन्हें निवेश के लिए आकर्षित करने के लिए एफडी पर ज्यादा ब्याज दरों की पेशकश करते हैं। एक और वजह यह है कि बैंक उन्हें अपना भरोसेमंद ग्राहक मानते हैं, क्योंकि रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर सीनियर सिटीजंस की पसंद एफडी होती है।

### सीनियर सिटीजेंस एफडी के फायदे

ज्यादातर बैंक सीनियर सिटीजंस फिक्स्ड डिपॉजिट में सामान्य फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम की तुलना में 50 बेसिस प्वॉइंट यानी 0.50 फीसदी अतिरिक्त ब्याज देते हैं। आपने तय ब्याज दर पर एफडी लॉक कर दी तो मैच्योरिटी तक दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। यानी गारंटी के साथ रिटर्न मिलेगा। भारत में आरबीआई द्वारा बैंकों को रेगुलेट किया जा रहा है। सरकार समर्थित स्कीम होने के चलते एफडी पूरी तरह से सुरक्षित है।

### यह भी विकल्प

फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी पर एनुअल बेसिस पर, तिमाही बेसिस पर या मंथली बेसिस पर इंटरेस्ट पेआउट का विकल्प चुन सकते हैं। एफडी का इस्तेमाल लोन लेने के लिए कोलैटरल के रूप में किया जा सकता है। सबसे जरूरी कि इसमें अकाउंट खोलने की प्रक्रिया बेहद आसान है।

### कितना लगता है टैक्स

बैंकों में 5 साल की टैक्स सेविंग एफडी में निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80सी के तहत 1.50 रुपये तक की जमा पर टैक्स बेनिफिट ले सकते हैं। वहीं, इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80टीटीबी के अनुसार, सीनियर सिटीजंस एफडी पर एक वित्त वर्ष में अर्जित होने वाले 50 हजार रुपये तक के ब्याज पर टैक्स नहीं देना होता है। अगर किसी वित्त वर्ष में ब्याज की राशि 50 हजार रुपये से अधिक हो तो बैंक इस आय पर टीडीएस वसूलेंगे। आईटी की धारा 194ए के तहत टीडीएस वर्तमान में 10 फीसदी कम है। वरिष्ठ नागरिक एफडी पर अर्जित ब्याज के तहत टैक्स छूट का दावा करने के लिए फॉर्म 15एच का उपयोग कर सकते हैं।

### फॉर्म 15जी/फॉर्म 15एच की प्रयोज्यता

यदि आपकी मूल आय 2.50 लाख रुपये प्रति वर्ष की छूट सीमा से कम है। केवल एक व्यक्ति (60 वर्ष तक) या एचयूएफ या ट्रस्ट, फॉर्म 15जी जमा कर सकता है। यह कंपनियों और व्यवसायों के लिए नहीं है। 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को फॉर्म 15जी के स्थान पर फॉर्म 15एच भरना और जमा करना होता है।

अक्सर देखा जाता है कि घरेलू महिलाओं के सामने आर्थिक आजादी की समस्या आ जाती है। जिंदगी में हर काम के लिए वह पति की कमाई और पूंजी पर निर्भर रह जाती हैं। लेकिन वे भी थोड़ी सी सावधानी के साथ बचत और निवेश करें तो आर्थिक रूप से आजादी के साथ ही पति की रिटायरमेंट तक घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ एक करोड़ से ज्यादा का फंड बना सकती है।

**म्यूचुअल फंड में निवेश के कई बेहतर विकल्प, पति की रिटायरमेंट तक बना लेंगी अच्छा खासा फंड**

# हाउसवाइफ भी जोड़ सकती हैं करोड़ों की रकम

तैयारी | बिजनेस डेस्क

*हाउसवाइफ के पास अपनी कमाई का निश्चित जरिया नहीं*

हाउसवाइफ की जिंदगी किसी भी नौकरी पेशा से अधिक बिजी होती है। सुबह जल्दी जागकर घर का सारा काम करना। पति के लिए नाश्ता और लंच बनाना। बच्चों का टिफिन तैयार करना और बुजुर्गों की दिनभर देखभाल करना। एक हाउसवाइफ के लिए यह सारे काम रोज सांस लेने की तरह हैं। एकदम ऑफिस में काम करने जैसा, लेकिन इतना सारी जिम्मेदारियों के बाद भी वह आर्थिक रूप से आजाद नहीं रहती। सोचो क्या उनके पास वित्तीय आत्मनिर्भरता रहती है। 100 में 90 का जवाब होगा, नहीं। पर, अगर आप थोड़ा सा वक्त और पैसा अपने लिए निकालें तो पति की रिटायरमेंट होने तक एक करोड़ से ज्यादा का फंड जुटा लेंगी। इसलिए आपको सिर्फ थोड़ी सी प्लानिंग के तहत काम करना होगा और एक महीने में अपने रोजमर्रा के खर्चे से कम से कम 2600 रुपये तक बचाने होंगे। एक स्टॉक ब्रोकर कंपनी का कहना है कि ज्यादातर हाउसवाइफ की नजर सिर्फ परिवार की देखभाल और उनसे जुड़ी जिम्मेदारियों तक सिमटकर रह जाती है। इस भागदौड़ के बीच अगर सिर्फ मट्ठी भर पैसा हर महीने अपने नाम से जमा करना शुरू कर दें, तो पति की रिटायरमेंट तक आपके पास भी मोटा फंड बन जाएगा। आज महिलाओं के लिए भी ऐसे निवेश विकल्प हैं, जहां थोड़े पैसे लगाकर भी लंबी अवधि में बड़ी पूंजी जमा हो जाती है।

### कितने पैसे की होगी जरूरत

यह बात तो सभी जानते हैं कि हाउसवाइफ के पास अपनी कमाई का कोई निश्चित जरिया नहीं होता। इस लिहाज से घर खर्च में पैसे बचाकर वे अपने पास हर महीने कुछ रुपये जमा कर सकती हैं। अगर आप भविष्य के लिए फंड बनाने की सोच रहीं तो बस आपको बच्चे की रोजाना टिफिन जितना खर्चा ही बचाना होगा। मान लीजिए, बच्चे की रोज की टिफिन और जेब खर्च के पीछे आपके 100 रुपये खर्च होते हैं, तो हर महीने आप 4 रविवार हटाकर भी 2,600 रुपये का फंड जुटा लेंगी।



### इन पैसों को करें निवेश

आपने देखा कि हर महीने आपके पास 2,600 रुपये जमा हो रहे हैं तो अब आप एक म्यूचुअल फंड की एसआईपी खुलवा दीजिए। म्यूचुअल फंड में आप हर महीने 2,600 रुपये भी जमा करती हैं तो लंबी अवधि यानी 10 साल से ज्यादा के समय में आपको इस पर हर साल 12 फीसदी का औसत रिटर्न मिल जाएगा।

### पति की रिटायरमेंट तक कितना पैसा

मान लीजिए आपकी शादी 28 साल की उम्र में होती है और पति की रिटायरमेंट उम्र 60 साल है। इस तरह आपके पास निवेश करने के लिए 32 साल मिलेंगे। इन 32 सालों में 2,600 रुपये हर महीने के हिसाब से आप कुल 9,98,400 रुपये यानी करीब 10 लाख रुपये का निवेश कर सकेंगी। इस पर हर साल 12 फीसदी का रिटर्न मिलता है तो 32 साल में आपका कुल फंड बढ़कर 1,17,24,172 रुपये हो जाएगा, जिसमें ब्याज की रकम 1,07,25,772 रुपये होगी।

### इकोनॉमी में 16% से ज्यादा का योगदान

ध्यान रखने वाली बात यह है कि आपने 32 साल तक लगातार एक ही निवेश बनाए रखा है। अगर आप हर साल निवेश की जाने वाली राशि में बढ़ोतरी करते हैं तो यह फंड और भी ज्यादा हो जाएगा। इस तरह, पति की रिटायरमेंट आने तक आप घर में रहकर एक करोड़ से ज्यादा फंड तैयार कर लेंगी। इस तरह हाउसवाइफ को भी आर्थिक आजादी मिलेगी और वह भी आसानी से एक बढ़िया फंड तैयार कर लेगी। इसलिए जरूरी है कि महिलाओं को भी अपने रोजमर्रा के खर्च से कुछ न कुछ बचाकर निवेश करना चाहिए। इससे उनको आत्मनिर्भर बनने से कोई नहीं रोक सकता।

## खबर संक्षेप

### 2068 पीएम आवास पूर्ण करने का लक्ष्य

**कटेली**। शासन स्तर से 20 जनवरी तक जनपद पंचायत सारंगढ़ को 2068 आवास पूर्ण करने का लक्ष्य मिला है। जिसकी तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान के निर्देशानुसार जनपद पंचायत सारंगढ़ सीईओ संजू पटेल के द्वारा ग्राम पंचायत कटेली, कोतमरा मे प्रधान मंत्री आवास योजनान्तर्गत अपूर्ण आवासो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जो आवास चालू नही हुई है उसे प्रारंभ करने, रूफ लेवल को छत ढलाई तथा छत ढलाई आवास को 3 दिन में प्लास्टर करने के लिए निर्देशित किया गया। सीईओ संजू पटेल द्वारा बताया गया की उनके द्वारा प्रतिदिवस 3 पंचायतों में अपूर्ण आवास का निरीक्षण किया जाएगा और जो भी हितग्राही दिए गए समय सीमा में आवास का कार्यपूर्ण नही करेंगे उनके ऊपर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आवास निरीक्षण में तकनीकी सहायक दिलीप साहू ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक उपस्थित थे।

### भजन मेला आयोजित करने की मांग

**कटेली**। सारंगढ़ जिला कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्धिकी ने ग्राम पंचायत लेंधरा छोटे में बड़े भजन मेला के बारे में चर्चा करने के लिए मेला समिति के अध्यक्ष व सभी सदस्य और ग्राम पंचायत सरपंच को बुलाया गया था। सारंगढ़ कलेक्टरेट ने सभा कक्ष मे मेला के विषय पर चर्चा किए और मेला मे होने वाले सभी प्रकार सुविधाओ के लिए सभी विभाग के कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा की मेला परिसर मे किसी भी प्रकार के असुविधा नहीं होने चाहिए। वही सभा कक्ष में अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय, एसडीएम वासु जैन, सरपंच पति संतोष टंडन, भाजपा नेत्रि देव कुमारी, शिवकुमारी चौहान और मेला समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्य उपस्थित थे।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की बैठक

**सारंगढ़**। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने सभाकक्ष में महात्मा गांधी नरेगा प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत छत के निर्माण संबंधी कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी तकनीकी सहायकों को कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल प्रबंधन की दिशा में बेहतर कार्य करते हुए माडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डा. सिद्दीकी ने अपूर्ण आवासों की संख्या, स्वीकृत आवास के विरुद्ध आधार सीडिंग, सामाजिक शौचालय निर्माण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, लखपति दीदी योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन के कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए।

### सारंगढ़ आईटीआई में प्लेंसमेंट कैंप आज

**सारंगढ़**। सुजुकी कार कंपनी द्वारा सारंगढ़ आईटीआई बिलासपुर रोड छिंद में 5 जनवरी को सुबह 9.30 बजे सिर्फ पुरूष वर्ग के लिए निःशुल्क भर्ती कैम्प का आयोजन किया गया है। इसमें दसवीं उत्तीर्ण आईटीआई पास ट्रेड फीटर, टर्नर, वेल्डर, मशीनिष्ट, इलेक्ट्रीशयन, मोटर, डीजल और ट्रैक्टर मेकेनिक, टूल और डाइ मेकर, पीपीओ, ऑटोमोबाइल, पेंटर जनरल होना चाहिए। इच्छुक सभी दस्तावेज की ओरिजनल और फोटोकॉपी सहित पासपोर्ट फोटो साथ में लाएं। यह भर्ती हंसलपुर गुजरात प्लांट के लिए की जा रही है।

### श्याम मंदिर में रक्तदान शिविर होगा आज

**रायगढ़**। नववर्ष के उपलक्ष में परोपकार की भावना के साथ 5 जनवरी को संजय कॉम्प्लेक्स स्थित श्री श्याम मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्त की आवश्यकता समय समय पर होती है। रक्तदान को महादान माना जाता है, क्योंकि यह किसी की जिंदगी बचा सकता है। ब्लड डोनेशन न सिर्फ किसी रोगी की जान बचा सकता है, साथ ही अगर आप रक्तदान करते हैं तो यह आपके लिए भी काफी लाभकारी है। रक्तदान करने वालों को हृदय रोगों का खतरा कम हो जाता है।

## पिकअप और कार की ट्रक से टक्कर, पेड़ से टकराई स्कार्पियो

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत, आधा दर्जन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एक तरफ हिट एण्ड रन कानून को लेकर देशभर में ट्रक चालकों का विरोध प्रदर्शन हो रहा है तो दूसरी तरफ सड़क दुर्घटना में लोगों की जान जाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। बीते 24 घंटें में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों को जान जाने जबकि आधा दर्जन के घायल होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस सभी मामलों की विवेचना कर रही है एवं घायलों का इलाज जारी है।

पहली घटना सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला से सामने आई जहां बुधवार रात ट्रक और पिकअप की जबर्दस्त टक्कर होने से 2 युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं 3 घायलों को मेकाहारा रेफर किया गया है। सरकारी दुकान में शराब छोड़कर पिकअप वापस लौट रही थी और हादसे में चालक और उसके साथी की बलि चढ़ गई। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बरमकेला थानांतर्गत ग्राम संडा में बुधवार रात लगभग पौने 9 बजे उस समय सनसनी फैल गई जब ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनएच 1397 और पिकअप सीजी 13 एल 4560 मुख्य मार्ग में आपस में जा भिड़े।

बताया जाता है यह हादसा इतना जबर्दस्त था कि ट्रक की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त पिकअप चालक समेत उसमें सवार 5 लोग बुरी तरह जख्मी होकर उसके भीतर फंसे रहे। सूचना मिलने पर एसपी व एडिशनल एसपी मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकाल अस्पताल भेजा जहां डाक्टरी जांच में दो को मृत घोषित कर दिया गया जबकि अन्य का इलाज जारी है। मृतकों की पहचान रायगढ़ निवासी पिकअप चालक सोहन महानंद और उसके साथी अर्जुन यादव के तौर पर हुई है तो घायलों में रितिक, संतोष और अजय शामिल हैं। पांचों युवक पिकअप में शराब लेकर बरमकेला गए थे। सरकारी शराब दुकान में माल खाली कर वापसी के दौरान सण्डा के पास ट्रक से उनकी दुर्घटना हो गई। बहरहाल, बरमकेला पुलिस इस हादसे की जांच पड़ताल में जुटी है।



पिकअप और ट्रक की टक्कर के बाद दोनों वाहन क्षतिग्रस्त।

### बाइक की कार से टक्कर, तीन जख्मी

रायगढ़-धरमजयगढ़ नेशनल हाईवे में अल्टो कार और बाईक के आमने-सामने टकराने से एक ही परिवार के 3 सदस्य घायल हो गए। यह हादसा घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ग्राम कुर्मीभौना में रहने वाला करम सिंह माझी आत्मज सुंदर सिंह 30 साल अपने भतीजे विद्याचरण 18 वर्ष और रतन माझी 30 साल के साथ प्लेटिना मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 13 एयू 0594 से घरघोड़ा गया था। काम निपटने के बाद शाम लगभग 4 बजे बाईक सवार तीनों युवक घर वापसी के लिए धरमजयगढ़ मुख्य मार्ग स्थित टेरम तालाब के पहुंचे थे। इस दौरान बिजारी की तरफ से अपेक्षाकृत तेज रफ्तार से आ रही सफेद रंग की अल्टो कार क्रमांक सीजी 13 एडब्ल्यू 3393 के लापरवाह चालक ने उनको ठोक दिया। बेकाबू कार की गिरफ्त में आने से मोटर सायकल सहित गिरने से उसमें सवार तीनों चोटिल हो गए। बताया जाता है कि बाईक चालक रतन के दाएं हाथ पांव, विद्याचरण के दाहिने पैरए करम के दाएं पांव जख्मी हुआ। राहगीरों ने 112 नंबर डायल कर हादसे की सूचना दी तो एम्बुलेंस से उनको नजदीकी अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया। बहरहाल करम सिंह के चाचा हेमलाल माझी की रिपोर्ट पर घरघोड़ा पुलिस ने आरोपी कार चालक के विरुद्ध धारा 279,337 के तहत आपराधिक प्रकरण कायम किया है।

### पेड़ से टकराया फोर व्हीलर, एक की मौत

धान बेचने के लिए निकले एक किसान की स्कॉर्पियो अचानक रोड किनारे पेड़ से इस कदर भिड़ी कि मौके पर ही उसकी जिंदगी खत्म हो गई। बेलगाम रफ्तार के कहर से घर के मुखिया की मौत का यह मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। घटना की विवेचना कर रहे प्रधान आरक्षक जय चंद्रा ने बताया कि ग्राम बीरसिंघा में रहने वाला चैतराम सिदार आत्मज स्व. गुलाब सिंह सिदार 42 वर्ष खेती किसानी करता था। संपन्न किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाला चैतराम बुधवार पूर्वान्ह लगभग 11 बजे घर से स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 13 एएस 7392 लेकर धान बिक्री करने के सिलसिले में बैस्कीमुड़ा जाने निकला था। स्कॉर्पियो चलाते हुए चैतराम ग्राम मुकडेगा और ढोर्रोबीजा मार्ग के बीच मोड़ के करीब पहुंचा था। इस दौरान गाड़ी की रफ्तार अपेक्षाकृत अधिक होने के कारण वह नियंत्रण खो बैठा। किसान जब तक बेकाबू स्कॉर्पियो को नियंत्रित करताए इसके पहले वह लहराते हुई सड़क किनारे महुआ पेड़ से जा टकराई। नतीजतन क्षतिग्रस्त चार पहिया वाहन के अंदर गले में चोट लगते ही जीवन और मृत्यु के बीच चन्द सांसें गिनने वाले चैतराम के मौके पर ही प्राण पखेरू उड़ गए। राहगीरों द्वारा घटना की सूचना थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज को देने पर एम्बुलेंस से चैतराम को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी ले जाया गयाए जहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक परीक्षण में ही उसे मृत घोषित कर दिया।



# शासकीय विभागों की वेबसाइट अब तक नहीं हुई अपडेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एक तरफ छत्तीसगढ़ शासन अपने सारे कार्यालयों को आधुनिक और ऑनलाइन करने के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक उदासीनता के कारण विभिन्न विभागों की वेबसाइट आधी अधूरी पड़ी है। किसी में 3 वर्ष तो किसी में 2 वर्ष से कोई अपडेट नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण आम नागरिकों को वापस उसी ढर्रे में शासकीय कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

कहने को तो नगर एवं ग्राम निवेश नगर निगम, राजस्व न्यायालय, नजूल विभाग, रिकॉर्ड रूम, तहसील, पंजीयक सहित विभिन्न विभाग सभी ने वेबसाइट बना कर रखी हैं पर उसमें अपडेट नहीं होते। या फिर अधिकारी और कर्मचारी उसे अपडेट करना ही नहीं चाहते क्योंकि उससे ही उनकी रोजी रोटी और रुतबा दोनों कायम राहत है।

पीड़ित पक्षकार जितना अधिक शासकीय कार्यालयों के चक्कर काटेगा उतना ही अधिक पैसा भी बांटेगा।भ्रष्टाचार को खत्म करना है तो सभी विभाग अपनी सारी जानकारी न केवल सार्वजनिक करें बल्कि उससे अद्यतन करते रहे तभी पारदर्शिता आएगी और आम नागरिक को सुविधा प्राप्त होगी। आज छोटे से छोटा कर्मचारी भी अपनी सीट पर बैठने के बाद वो वहाँ का मालिक होता है ना तो आप उससे बहस कर सकते हैं और ना ही उससे कुछ पूछताछ कर सकते हैं। छतीसगढ़ की भाजपा सरकार को चाहिए कि सबसे पहले सारी वेबसाइट अपडेट करने के निर्देश सभी विभागों को जारी कर दिए जाएं ताकि सारे अपडेट्स लोगों को दिखने लगे। तारीख पर तारीख हर जगह है ऊपर के अधिकारी कितने भी निर्देश जारी कर दें परंतु होगा वही जो नीचे का कर्मचारी चाहेगा। प्रदेश चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन ने रायगढ़ विधायक एवं केबिनेट मंत्री ओ पी चौधरी से निवेदन किया है कि वे सभी शासकीय कार्यालयों को निर्देशित करें कि वह अपनी वेबसाइट को अपडेट करें जिससे न केवल अद्यतन जानकारियां आम जनता तक पहुंच पाए बल्कि आम जनता के लिए शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी मिल सके। वही कार्यालयों में काम करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मोबाइल नंबर भी उसी साइट में अपडेट करें तो लोगों को उनसे संपर्क करने में आसानी होगी। वर्तमान में जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मोबाइल नंबर और लैंडलाइन नंबर डाले गए है वे या तो बंद रहते हैं या फिर उन्हें उठाया नहीं जाता और कई अधिकारी तो स्थानांतरित हो कर जा चुके हैं। चेंबर ने इसे बडी प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए यथाशीघ्र वेबसाइड को अपडेट करने की आवश्यकता व्यक्त की है।




# 83 बिरहोरों का बना जाति प्रमाण पत्र

**रायगढ़**। पीएम जनमन के तहत छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजातियों को शिविर के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिलाने की पहल की गई है। योजना के तहत लोगों के घरों तक पहुंचकर उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रशासनिक अमला विशेष पिछड़ी जनजातियों के पंचायत, बसाहट, टोला और पारा तक पहुंच कर सहज तरीके से लोगों के बीच योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। शिविर में विशेष पिछड़ी जनजातियों को मुख्य धारा से जोडऩे के लिए भारत सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसमें नवीन आधार कार्ड निर्माण, आयुष्मान कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, जाति प्रमाण पत्र जारी करना, वन अधिकार पट्टा वितरण आदि शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को इन विशेष पिछड़ी जनजातियों के द्वार तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचयत धरमजयगढ़ अंतर्गत विकासखण्ड के कुम्हीचुवां, दर्रीडीह, सिवार, ढोढागांव, रायमेर, नकना, खम्हार, सोहनपुर, खर्रा, कीदा, कटाईपाली डीए जबगा, रूंवाफूल, ओंगना, जमरगा व जमरगीडी ग्राम पंचायतों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय पंचायतों में शिविर लग रहे है।



### संदिग्ध हालत में ग्रामीण की मौत

**रायगढ़**। ग्रामीण बेड से गिरकर घायल हो गया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पुलिस विवेचना में हुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिला के चंद्रपुर निवासी मुनी यादव पिता रामेश्वर यादव 53 वर्ष विगत 29 दिसंबर को रात में अपने कमरे में सोया थाए इस दौरान उसने बेड से गिर गया, जिससे उसके सिर व अन्य जगह गंभीर चोट लगने के कारण परिजन उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन चोट गंभीर होने के कारण डाक्टरों ने रायगढ़ रेफर कर दियाए जिससे मेडिकल कालेज अस्पताल में उपचार चल रहा था।

# शहीद त्रिपाठी के पिता ने सीएम को दिया प्रतिमा अनावरण का आमंत्रण

**रायगढ़**। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राज्य अतिथि गृह पहुना में शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के पिता सुभाष त्रिपाठी ने सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने बताया कि शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की प्रतिमा रायगढ़ में शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम के सामने स्थापित की गई है। साथ ही स्मृति पट भी स्थापित की गई है।

श्री त्रिपाठी ने प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने मुख्यमंत्री को निमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि रायगढ़ जिले के वीर सपूत शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी ने देश की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया है। उनकी शहादत हमेशा हमारा मार्गदर्शन करेगी। उनकी प्रतिमा अनावरण के अवसर पर उपस्थित होना मेरे लिए गौरव की बात होगी। उल्लेखनीय है कि कर्नल त्रिपाठी ने वर्ष 2003 में कुमाऊं रेजीमेंट में कमीशन लिया था। वे सियाचिन, कुपवाड़ा, नौशेरा, कांगो, मथुरा, वेलिंगटन आदि विभिन्न पदस्थापना में कार्यरत रहे। 13 नवंबर 2021 को म्यांमार सीमा से लगे बिहांग में अलगाववादी समूहों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में अपने जवानों को बचाते हुए अंतिम गोली तक मुकाबला करते हुए अपनी पत्नी अनुजा एवं बेटे अबीर के साथ वीरगति को प्राप्त हुए।



## जनचौपाल लगाकर पुलिस कर रही कानून के प्रति जागरुक

रायगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के मार्गदर्शन पर आमजन में कानून के प्रति जागरूकता लाने और साइबर अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से पुलिस जन चौपाल लगाकर कानूनी जानकारी दी जा रही है। साथ ही अवैध शराब के खिलाफ पुलिस के साथ मिलकर मुहिम चलाने प्रेरित किया जा रहा है जिससे गांव में अवैध शराब की बिक्री और निर्माण पर अंकुश लगाया जा सके। इसी कड़ी में बुधवार को थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर के नेतृत्व में ग्राम पण्डरीपानी पूर्व में पुलिस जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को महिला एवं नाबालिगों से संबंधित अपराध, साइबर अपराधों के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया।

## जिंदल आदर्श भारती में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव

**रायगढ़**। जिंदल आदर्श भारती स्कूल किरोडीमलनगर में वार्षिक क्रीडाउत्सव विजयी भवः का शानदार आयोजन किया गया। 1477 छात्र-छात्राओं नें हाऊस वाईज प्रतिस्पर्धा में अपने जौहर दिखाए। खेलों में एथलेटिक्स, व्हाली बाल, हेण्ड़ बाल, क्रिकेट, कबड्डी, बेडमिंटन, बास्केटबाल, एवं खो-खो का वर्गवार प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गई। इस दौरान 44 श्रेष्ठ खिलाड़ियों को धरमजयगढ़ के सब डिविजनल पुलिस आफिसर दीपक मिश्रा के द्वारा श्विजयी भवः एवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रतिस्पर्धा के समापन समारोह में मुख्य अतिथि दीपक मिश्रा एसडीओपी धर्मजयगढ ने छात्र - छात्राओं व प्रतिभागी खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों को शिक्षा का अनिवार्य अंग माना जाता है। खेलों में नियमित रूप से भाग लेने वालेव्यक्ति में यह शारीरिक और मानसिक तदंरूस्ती आताहै। खेल बहुत ही अच्छी शारीरिक गतिविधि है जो तनाव और चिन्ता से मुक्ति प्रदान करती है। यह खिलाडियों के लिए अच्छा भविष्य और पेशेवर जीवन का क्षेत्र प्रदान करताहै।

## चुरेला में गुरु घासीदास जयंती समारोह

**कटेली**। ग्राम चुरेला छिंद में भव्य पांच दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीमती उत्तरी जांगड़े शामिल हुई और जैतखाम में मत्था टेक सभी के लिए मंगल कामना करते हुए आशीर्वाद ली। उल्लेखनीय हो कि दिसंबर माह को गुरु पर्व के रूप में मनाया जाता है और गांव गांव में गुरु घासीदास जयंती समारोह आयोजित की जाती है और पूरा समाज इकट्ठा होकर बाबा गुरुघासीदास की सेवा में लगे रहते हैं। जयंती समारोह के अवसर पर कार्यक्रम में पहुंची विधायक उत्तरी जांगड़े ने संबोधित करते हुए सर्वप्रथम ग्राम वासियों का दोबारा विधायक बनाने के लिए आभार प्रकट किया और कहा कि आप सबके आशीर्वाद से मुझे दोबारा सेवा करने मौका मिला है जिसे मैं कभी भूल नही पाऊंगी। बाबा गुरुघासीदास से प्रार्थना करती हूं कि सभी की मनोकामना पूर्ण हो।

# काले वस्त्र में अश्व पर आएंगी मकर संक्रांति, 15 को पर्व

**रायगढ़**। सूर्य के उत्तरायण होने का पर्व मकर संक्रांति इस बार 14 के बजाय 15 जनवरी को मनाया जाएगा। कई साल बाद एक बार फिर तारीख बदल रही है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर ही इसका पुण्यकाल माना जाता है, इसलिए इस बार संक्रांति एक दिन बाद मनाई जाएगी।

ज्योतिषाचार्य जनार्दन शुक्ला ने बताया मकर संक्रांति 14 जनवरी को ही रहेगीए लेकिन इसका पुण्य काल 15 जनवरी को सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के बाद ही होगा। सूर्यदेव 15 जनवरी को सुबह 9ण्23 बजे मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इसके साथ ही संक्रांति का पुण्यकाल शुरू होगाए जो कि शाम 5ण्20 बजे तक रहेगा। इस दौरान स्नान दान करना पुण्यदायी होगा। मकर संक्रांति के दिन दान पुण्य का महत्व है। इस दिन तिल, जूते, अन्न, वस्त्र, कम्बल आदि का दान करने का विधान है। दान से शनिदेव की कृपा और सूर्यदेव का आशीर्वाद प्राप्त होता है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार संक्रांति को किया गया दान सीधे भगवान को अर्पित माना जाता है। संक्रांति अश्व पर दक्षिण दिशा से आएंगी और उत्तर की ओर गमन करेंगी। वे काले वस्त्र और स्वर्ण आभूषण से सुसज्जित होंगी। साथ ही हाथों में हरे पत्तों का पात्र लिए रहेंगी। ये रूप दक्षिण भारत में सुख समृद्धि का कारक रहेगाए वहीं उत्तर दिशा के प्रदेशों में महंगे अनाज व कम उपज का कारण भी बनेगा। मकर संक्रांति को लेकर ऐसा भी कहा जाता है कि इसी दिन महाभारत की लड़ाई में अर्जुन के बाणों से घायल भीष्म पितामह ने अपने प्राण त्यागे थे। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि सूर्य के उत्तरायण होने से मोक्ष मार्ग प्रशस्त होता है। इसी दिन गंगा समेत पवित्र नदियों में स्नान करने से पापों का क्षरण हो जाता है।



## रायगढ़ के 7 एवं लैलूंगा के 3 अभ्यर्थियों को नोटिस

**रायगढ़**। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने विधानसभा क्षेत्र रायगढ़ के 7 एवं विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा के 3 अभ्यर्थियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अनुदेश का उल्लंघन करते हुए निर्वाचन के दौरान प्रचार कार्य में 10 हजार रुपए से अधिक नगद भुगतान के मामले को लेकर नोटिस जारी किया है। निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 10 क के अधीन निरर्हित घोषित किए जाने का प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16 रायगढ़ से आम आदमी पार्टी के अभ्यर्थी गोपाल बापोडिय़ा, बहुजन समाज पार्टी के श्रीमती पुष्पलता टण्डन, हमर राज पार्टी से भवानी सिंह सिदार, निर्दलीय सुरेन्द्र सिदार, निर्दलीय इबरार अहमद, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे से मधुबाई, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से सुनील मिंज तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक.15 लैलूंगा भारतीय जनता पार्टी से श्रीमती सुनीति सत्यानंद राठिया, निर्दलीय महेन्द्र सिदार एवं निर्दलीय भजन सिदार को नोटिस जारी किया गया है।







